तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 8 फरवरी 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 11 केवी लाइन बर्स्ट होने से शिवनन्दनपुर में 21 घंटे विद्युत सप्लाई रही ठप



## खबर संक्षेप

### माता संतोषी मंदिर का चतुर्थ वार्षिक उत्सव 11 को



राजपुर। महामाया मंदिर प्रांगण स्थित संतोषी माता मंदिर का चतुर्थ वार्षिकोत्सव 11 फरवरी को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर अखंड कीर्तन, भंडारा तथा स्कूली बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जनपद उपाध्यक्ष आकाश अशोक अग्रवाल ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा के आतिथ्य में आयोजित होंगे। वहीं लटोरी के जय मानस ग्रुप द्वारा रामायण पाठ का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है।

### फुटबॉल प्रतियोगिता में चौरा की टीम बनी विजेता



राजपुर। विकासखंड के ग्राम चौरा में आयोजित आधार कार्ड नॉकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथि सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा की उपस्थिति में किआ गया। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि शिवनाथ जायसवाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष विनय भगत एवं जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल मंचासीन रहे। पुरुष वर्ग का फाइनल मुकाबला जिला सूरजपुर के जगन्नाथपुर एवं जिला बलरामपुर के चौरा की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुकाबला चौरा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की और प्रतियोगिता का प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि जगन्नाथपुर की टीम उपविजेता रही। इसी क्रम में महिला वर्ग का फाइनल मैच जिला सरगुजा की कुल्हाड़ी एवं जिला सूरजपुर की मानपुर टीम के बीच खेला गया। महिला खिलाड़ियों ने इस रोमांचक मुकाबले में मानपुर की टीम ने शानदार जीत दर्ज कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कुल्हाड़ी की टीम को द्वितीय स्थान से संतोष करना पड़ा। प्रतियोगिता के समापन में मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार और सील्ड प्रदान कर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करती हैं तथा उनकी छिपी प्रतिभाओं को मंच देती हैं। खेल से अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है, जो जीवन में आगे बढ़ने के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### स्वस्थ पंचायत सम्मेलन में दी गई योजनाओं की जानकारी



राजपुर। विकासखण्ड स्तरीय स्वस्थ पंचायत सम्मेलन का आयोजन अग्रसेन भवन में किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना, जनभागीदारी बढ़ाना तथा स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के समाधान पर चर्चा करना रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा रहीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वस्थ पंचायत ही सशक्त समाज की नींव होती है। सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने स्वच्छता, पोषण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य और नियमित स्वास्थ्य जांच पर विशेष जोर दिया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बीएमओ डॉ. आरके जायसवाल, ने कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं, टीकाकरण, आयुष्मान भारत, पोषण अभियान और रोग रोकथाम से संबंधित जानकारी दी तथा पंचायत प्रतिनिधियों से सहयोग का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री संजय सिंह, विधायक प्रतिनिधि शिवनाथ जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष धरम मिंज, स्वास्थ्य विभाग से बीपीएम मोनू सोनी, नोडल अधिकारी गुरुचरण यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### यूपी के सीमावर्ती गांव सागोबांध गई थी पुलिस, रास्ता रोककर किया गया विवाद, वापस लौटना पड़ा पुलिस को

# मारपीट और धान तस्करी के आरोपियों को पकड़ने गई पुलिस को ग्रामीणों ने घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

आरोपियों की धरपकड़ के लिए सीमा पार कर उत्तर प्रदेश गई छत्तीसगढ़ पुलिस की टीम को ग्रामीणों ने घेर लिया। इस दौरान गांव में तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो गई। ऐसे में पुलिस को वापस लौटना पड़ा। हालांकि इस दौरान कोई बड़ी घटना नहीं हुई है। जबकि दोनों पक्षों की ओर से कोई शिकायत भी यूपी के थाने में दर्ज नहीं कराई गई है।

बताया जा रहा है कि सनावल थाना क्षेत्र में अपराध क्रमांक 46/25 में जमीन संबंधी विवाद में की गई मारपीट और अपराध क्रमांक 82/25 में धान खरीदी से जुड़े मामले में जांच पड़ताल व आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सनावल थाना प्रभारी ब्रिजलाल भारद्वाज के नेतृत्व में 5 सदस्यीय पुलिस टीम यूपी के बभनी थाना अंतर्गत ग्राम सागोबांध गई हुई थी। पुलिस टीम को सूचना मिल थी कि गांव में मारपीट के मामले के आरोपी एक घर में मौजूद है। इसके साथ ही अवैध धान के मामले में ग्राम प्रधान पति को भी पूछताछ के लिए लाना था। 6 फरवरी की देर शाम जब पुलिस यूपी के बभनी अंतर्गत ग्राम सागोबांध पहुंची थी। आरोपियों के भागने के चलते पुलिस अपनी पहचान बदलकर और पुलिस वाहन के नम्बर प्लेट को कागज से ढंककर व वाहन पर गुप्ता परिवार लिखकर गई थी लेकिन गांव में




यज्ञ चल रहा था जिससे गांव में भारी भीड़ थी। सूत्रों के अनुसार छत्तीसगढ़ पुलिस सागोबाध गांव के ग्राम प्रधान पति से पूछताछ करने उनके आवास पर पहुंची थी और उन्हें थाने चलने को कहा गया। हालांकि ग्राम प्रधान पति ने थाने जाने से इनकार कर दिया। इसी दौरान कुछ ग्रामीणों ने पुलिस कार्रवाई पर आपत्ति जताई, जिससे दोनों पक्षों के बीच नोकझोंक हो गई। वहीं मारपीट के आरोपी भी भाग निकले। वापसी के दौरान आरोपी के समर्थकों ने पुलिस वाहन को रोक लिया और पुलिस से तीखी बहस हुई। वाहन पर 'गुप्ता परिवार लिखा होने को लेकर भी ग्रामीणों ने आपत्ति जताई। हालांकि इस दौरान किसी प्रकार की हिंसक घटना की सूचना नहीं है। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जिसमें लोग पुलिस वाहन को घेरकर खड़े है और वाहन में छिपाए गए नम्बर प्लेट से कागज नोंच रहे है। गनीमत रही की मौके पर कुछ पहचान के लोगों को छत्तीसगढ़ पुलिस टीम ने बुलाया और समझाइश के बाद मामला शांत हुआ जिसके बाद टीम वापस लौट आई। इस संबंध में बभनी थाना प्रभारी निरीक्षक बताया कि छत्तीसगढ़ पुलिस कुछ लोगों की तलाश में आई थी। इसी दौरान छत्तीसगढ़ जाने को लेकर कुछ बातचीत हुई थी, लेकिन किसी भी पक्ष द्वारा कोई लिखित शिकायत या मुकदमा दर्ज नहीं कराया गया है। दोनों राज्यों की पुलिस ने किसी बड़ी घटना से इनकार किया है।

#### इन मामलों में गई थी जांच के लिए

बता दें कि अवैध धान खपाने के मामले में सनावल पुलिस ने कोचियों की पहचान यूपी के बभनी सागोबांध निवासी श्रवण कुमार, कृष्ण मोहन कुमार, विनय कुमार गुप्ता, राजदेव गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, सत्यदेव गुप्ता, मनोज कुमार, सनावल त्रिशूली निवासी विकास व पचावल निवासी विंध्याचल गुप्ता के रूप में की थी। पुलिस ने अन्तर्राज्यीय गिरोह द्वारा तस्करी किए जाने के मामले में पुलिस ने श्रवण, कृष्णमोहन एवं विकास को आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3,7 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर किया था वहीं विनय गुप्ता, राजदेव गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, मनोज गुप्ता को बीएनएस की धारा 170,126,135 (3) के तहत जेल भेजा था। बाद में पुलिस ने विवाद के दौरान धान छुड़ाने आए सहयोगी विंध्याचल गुप्ता एवं सत्यदेव गुप्ता पर बीएनएस की धारा 126,135 (3) के तहत जेल भेजा था। वहीं अगस्त महीने में सनावल क्षेत्र के तालकेशवरपुर निवासी राम से गोंड के साथ ही विजय सिंह, विद्यासागर सिंह व शंकर प्रसाद से खेत जुताई के दौरान कब्जे के विवाद को लेकर मारपीट व जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 191(2), 191(3), 190, 296, 351(2), 115(2), 109 (1) एवं एसटी एससी एक्ट की धारा 3 (1), (द), (घ), (छ), 3(2-5) के तहत सागोबांध निवासी रामलखन गुप्ता, श्याम बिहारी गुप्ता, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, विकास नन्द गुप्ता, सुनील गुप्ता, अंकित कुमार गुप्ता, अरविन्द गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, रामनारायण गुप्ता को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य की तलाश जारी है। इन्ही आरोपियों की धर पकड़ के लिए पुलिस यूपी गई थी।

#### जांच के लिए गई थी टीम

घटना की सूचना मिली है। पुलिस टीम जांच के लिए गई थी। कहीं कोई घटना नहीं हुई है बस पुलिस को कार्रवाई से रोका गया था।

-विश्वदीपक त्रिपाठी
एएसपी बलरामपुर



## शहर के बीच हवाई फायरिंग मामले में अपराध दर्ज, आरोपी फरार

■ जांच में जुटी पुलिस, घर में मारा छापा

अंबिकापुर। शहर के बीचो बीच देव होटल के समीप दो राउंड हवाई फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। इसके साथ ही पुलिस ने इस मामले में कुछ संदेहियों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है जबकि फायरिंग के मामले में आरोपी फरार चल रहा है। फरार आरोपी की तलाश जारी है।

बता दें कि 6 फरवरी की शाम शहर के देव होटल के समीप गोली चलाने की बात सामने आई थी। होटल के समीप से दो राउंड हवाई फायर किए जाने की आवाज आई जिसके बाद आस पास के लोग दहशत में आ गए। फायरिंग किए जाने की सूचना स्थानीय लोगों और व्यवसायियों ने पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद एसएसपी व डीआईजी राजेश अग्रवाल ने मामले की गंभीरता से जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे जिसके बाद एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो व सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में कोतवाली, गांधीनगर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इस दौरान आस पास मौजूद लोगों ने गोली चलाए जाने की पुष्टि की लेकिन अधिकारी इस बात की पुष्टि नहीं कर पा रहे थे। स्थानीय लोगों ने 12 बोर के बंदूक से गोली चलाए जाने की बात कही थी लेकिन पुलिस को गोली चलाए जाने से सम्बन्धित कोई सबूत नहीं मिले थे। वहीं अब पुलिस ने जांच के बाद दो राउंड हवाई फायर किए जाने की पुष्टि की है। आस पास मौजूद लोगों और दुकान संचालकों ने हनी सिंह द्वारा बंदूक से फायरिंग किए जाने की पुष्टि की। इस घटना के बाद लोग दहशत में है और लोगों के जीवन पर भी संकट उत्पन्न हो गया था। यदि फायरिंग में गोली किसी को लग जाती तो निश्चित रूप से एक बड़ी घटना हो सकती थी। ऐसे में पुलिस ने मामले में हनी सिंह के खिलाफ धारा आयुध अधिनियम 1959 की धारा 25, 27 एवं बीएनएस की धारा 125 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

#### मारा छापा, मिला एक एयर गन

हवाई फायरिंग की पुष्टि होने के बाद 7 फरवरी को पुलिस की टीम एएसपी, सीएसपी के नेतृत्व में होटल पहुंची थी। इस दौरान पुलिस ने तलाशी के दौरान एक एयर गन मिला है। वहीं घर में 6 लाइसेंसी बंदूक भी मिले है लेकिन फिलहाल पुलिस ने उन हथियारों को जब्त नहीं किया है। घटना के बाद हनी सिंह फरार बताया जा रहा है जबकि पुलिस ने तीन अन्य संदेहियो को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

#### चल रही है जांच

गोली चलाए जाने की पुष्टि हो गई है। इस मामले में अपराध दर्ज किया गया है और आरोपी की तलाश जारी है। तलाशी के दौरान एक एयर गन मिला है जबकि 6 लाइसेंसी हथियार थे। उन हथियारों की तस्दीक की जाएगी इसके लिए हथियार मालिक को प्रस्तुत होने कहा गया है। मामले की जांच चल रही है।

**-अमोलक सिंह ढिल्लो**
एएसपी

## छोटे-छोटे बच्चों ने मंदिर में घुसकर दानपेटी से निकाले थे रुपए



■ पुलिस ने 3 विधि से संघर्षरत बालको के विरुद्ध की वैधानिक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

कलेक्टोरेट परिसर स्थित हनुमान मंदिर के दानपेटी से रुपए चोरी करने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में तीन विधि से संघर्षरत बालओकों को पकड़ा है। पुलिस द्वारा नाबालिगों की सा मा जि क पृष्ठभूमी भरकर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

बता दें कि 4 फरवरी की दरम्यानी रात कलेक्टोरेट परिसर स्थित हनुमान मंदिर की दान का ताला तोड़कर रुपए चोरी करने का मामला सामने आया था। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। कलेक्टर-एसपी कार्यालय सामने मंदिर से चोरी की घटना के बाद हड़कंप मच गया था। इस मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर जांच की जा रही थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने जांच उपरान्त 3 विधि से संघर्षरत बालको को पकड़कर पूछताछ की तो नाबालिगों ने अज्ञानता से मंदिर मे घुसना एवं जिज्ञासा वश दान पेटी को खोलकर देखा जाना बताया गया, उक्त दान पेटी को खोलने पर कुछ नगदी रकम मिला जिसे नाबालिगों ने खर्च कर दिया। इस मामले में विधि से संघर्षरत बालको की सामाजिक पृष्ठभूमी भरकर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी शशिकान्त सिन्हा, साइबर सेल प्रभारी सउनि अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, जयदीप सिंह, आरक्षक मनीष सिंह, उमाशंकर साहू, नितिन सिन्हा, विवेक राय, अतुल सिंह सक्रिय रहे।

**पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार, मेहमानी करने जा रहे युवकों ने दिया वारदात को अंजाम**

## बैंक से पैसा निकालकर जा रहे किसान से 49 हजार की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर



सहकारी बैंक से धान बिक्री का रुपए निकालकर वापस घर लौट रहे किसान से 49 हजार रुपए की लूट का मामला सामने आया है। दो युवकों ने पैदल घर लौट रहे बुजुर्ग को झांसे में लेकर अपनी बाइक पर बैठा लिया और रास्ते में सामान खरीदने के बहाने से बाइक से उतारकर भाग निकले। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जबकि दूसरे की तलाश जारी है।

बताया जा रहा है कि डांडखडुआ निबल साय 2 फरवरी को अपने पुत्र जेरोम साय के साथ सहकारी बैंक आया हुआ था। बैंक में भीड़ होने के कारण युवक ने विड्रावल फार्म भरने के बाद पिता को लाइन में लगाकार किसी काम से चला गया। कुछ समय बाद निबल साय बैंक से 49 हजार रुपए लेकर निकला और काफी देर तक अपने बेटे का इन्तजार किया। जब पुत्र वापस नहीं लौटा तो निबल साय वापस पैदल ही घर लौट रहा था। इस दौरान मुख्य मार्ग पर दो अज्ञात व्यक्ति बाइक से पहुंचे और ग्रामीण को रोककर उससे तम्बाकू मांगकर खाए। इसके बाद उन्होंने ग्रामीण से उसके पुत्र का नाम पुछा। जब ग्रामीण ने अपने बेटे का नाम बताया तो ठगों उसके बेटे से जान पहचान होने की बात कहते हुए बाइक पर बैठा लिया और फिर कुछ दूर जाने के बाद सामान खरीदने के बहाने से गमछे में बंधा हुआ 49 हजार रुपए लेकर फरार हो गए। इस घटना के बाद निबल साय ने घर जाकर परिजन को मामले की सूचना दी जिसके बाद घटना की शिकायत पुलिस से की गई थी। गरीब किसान से ठगी करने के मामले में एसपी वैभव बैंकर ने जांच के निर्देश दिए थे। पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करते हुए सरगुजा लखनपुर के तुंगा निवासी 27 वर्षीय जेल कुमार आ. रामलाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए घर बुजुर्ग को घर छोड़ने के बहाने रुपए लेकर भागने की बात कही। आरोपी राजपुर होते हुए झींगो मेहमानी करने जा रहे थे इसी दौरान उन्होंने बुजुर्ग को बैंक से रुपए लेकर पैदल जाते हुए देखा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूट की रकम 20 हजार रुपए बरामद करने के साथ ही आरोपी जेल कुमार को बीएनएस की धारा 318(4),3(5) के तहत गिरफ्तार किया है जबकि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राजपुर के साथ सउनि अशोक तिर्की, प्रधान आरक्षक पवन सिंह, राजेंद्र ध्रुव आरक्षक अमित राजवाड़े सक्रिय रहे।

## गैर इरादतन हत्या: आरोपी को 10 वर्ष का कठोर कारावास

■ सुनवाई न्यायाधीश मानवेन्द्र सिंह अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी के यहां हुई

सूरजपुर। गैर इरादतन हत्या के मामले में न्यायालय ने आरोपी को दी 10 वर्ष की कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

कालेज रोड़ निवासी बबिता ने 20 जनवरी 2023 को कोतवाली सूचना दिया कि 20 जनवरी की सुबह धनरासो उर्फ निशा सिंह के घर सुपा मांगने गई थी। घर के बाहर से उसे आवाज देने पर कोई जवाब नहीं मिला तब यह घर अंदर जाकर देखी तो धनरासो किचन कमरे में कंबल से ढकी हुई थी। कंबल को हटाकर देखी तो वह मृत हालत में पड़ी थी जबकि मृतिका का पति रामरतन देवांगन घर में नहीं था। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के उपरांत धारा 302 के तहत अपराध दर्ज किया। साथ ही आरोपी रामरतन देवांगन आ. सुखल राम (30 वर्ष) ग्राम सुरता, छातापारा थाना रामानुजनगर से गिरफ्तार किया गया। मामले के विवेचक एसआई दिनेश राजवाड़े द्वारा प्रकरण में साक्ष्य संकलित कर आरोप पत्र अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में पेश किया। इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश मानवेन्द्र सिंह अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी के यहां हुई। न्यायालय ने मामले की सुनवाई पूरी कर निर्णय 31 जनवरी में समग्र तथ्यों एवं मृतिका को कारित चोटों की प्रकृति के आधार पर धारा 302 भादंसं के स्थान पर भादंसं की धारा 304 के प्रथम भाग के आरोप अर्थात गैर इरादतन हत्या का दोषी पाते हुए दोष सिद्ध होने से आरोपी रामरतन देवांगन को 10 वर्ष के कठोर कारावास एवं 5 सौ रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

### पूर्व डिप्टी सीएम के नेतृत्व में लखनपुर, उदयपुर में निकाली गई रैली

# मनरेगा बंद कर ग्रामीणों को बंधुआ मजदूर बनाने पर अग्रसर है सरकार: सिंहदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

मनरेगा योजना में बदलाव को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी आंदोलन मनरेगा बचाओ संघर्ष के तहत शनिवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के नेतृत्व में उदयपुर एवं लखनपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के द्वारा 11 किमी से अधिक की पदयात्रा की।

प्रथम चरण की यात्रा उदयपुर विकासखंड के ग्राम दावा से प्रारंभ होकर मनोहरपुर, विशुनपुर, मृगाडांड, डुमरडीह होते हुए उदयपुर में समाप्त हुई। इस दौरान उदयपुर में मनरेगा को बहाल करने और न्यूनतम मजदूरी रुपए 400 करने के लिए राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार उदयपुर को दिया गया। दूसरे चरण में लखनपुर विकासखंड के ग्राम कोसगा से ग्राम बंधा तक 3 की मी की यात्रा की गई। दोनो विकासखंड में यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ ही पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।




ग्राम दावा से यात्रा प्रारंभ करने के पूर्व उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या करने वाली विचारधारा जो इस समय सत्ता पर काबिज है मनरेगा जैसे लोक कल्याणकारी योजना को समाप्त कर देश के ग्रामीण मजदूरों के रोजगार की गारंटी को समाप्त कर उन्हें कारपोरेट का बंधुआ मजदूर बनाने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मनरेगा आम आदमी को उसके निवास क्षेत्र में काम की गारंटी देता था। केंद्र सरकार के द्वारा आर्थिक रूप से पोषित इस योजना के फलस्वरूप ही संकट काल मे लोगों को रोजगार मिला लेकिन रोजगार प्रदान करने वाले इस कानून को योजना के रूप में बदलकर और इसका आर्थिक भार राज्य सरकारों पर डालकर केन्द्र की मोदी सरकार एक तरह से इस महत्वाकांक्षी योजना को बरबाद करने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मनरेगा में इन घातक बदलावों के मुख्य उद्देश्य अपने गांवों में रोजगार प्राप्त कर रहे ग्रामीणों को बेरोजगार कर उनके श्रम को कौड़ियों के भाव अपने कारपोरेट मित्रों को सौपने का है। उन्होंने कहा कि अगर मोदी सरकार वाकई में ग्रामीण मजदूरों की हितैषी है तो वो मनरेगा को पुनः बहाल करने के साथ ही साथ मजदूरी की न्यूनतम दर 400 रुपए करे। दोनो चरणों की इस पदयात्रा जे दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, मनरेगा बचाओ संग्राम आंदोलन के संभागीय प्रभारी जेपी श्रीवास्तव, सरगुजा जिले के प्रभारी डॉ. प्रेमसाय सिंह, विक्रमादित्य सिंहदेव, ओमप्रकाश सिंह, अमित सिंहदेव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

#### क्या सरकार देशवासियों को अमेरिका का ब्लड मिल्क पिलाएगी

यात्रा के दौरान अमेरिका से हुए ट्रेड डील को लेकर पूछे सवाल में पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने कहा कि मनरेगा को समाप्त कर मोदी सरकार एक ओर ग्रामीण मजदूरों को बेरोजगार कर रही है वहीं अमेरिका के साथ ट्रेड डील कर देश के किसानों पर भी वज्रपात कर रही है। इस ट्रेड डील के कारण अमेरिका के किसानों की उपज विशेष तौर पर गेंहू, मक्का, दलहन और तिलहन 0 प्रतिशत टैरिफ के कारण कौड़ियों के दाम देश के बाजारों में आ जायेगा जिससे देश के किसानों को भारी घाटा होना तय है। उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि इस डील के कारण देश मे अमेरिका के डेयरी उत्पाद के देश मे आने की संभावना है जिसमें वहां का ब्लड मिल्क प्रमुख है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी डेयरी फार्म अपनी गायों को कसाई खानों से निकलने वाले रक्त आदि अवशेष को चारे में मिलाकर खिलाते हैं। ऐसे डेयरी फार्म से निकलने वाला दूध ब्लड मिल्क या रक्त दूध कहलाता है। उन्होंने सवाल उठाया है कि क्या अमेरिका के साथ हुए इस ट्रेड डील से भारत मे जहां गाय पूजनीय है वहां के नागरिकों को इस प्रकार का दूध परोसने की तैयारी मोदी सरकार कर रही है, हां या ना ये वह स्पष्ट करे।

### ग्राम पंचायत में मनाया गया रोजगार दिवस

राजपुर। बलरामपुर कलेक्टर राजेंद्र कटारा और जिपं सीईओ नयनतारा सिंह तोमर की निर्देशन पर राजापुर जनपद पंचायत के सीईओ संजय दुबे के मार्गदर्शन में राजपुर ब्लॉक अंतर्गत सभी ग्राम पंचायत मे रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विकसित भारत जी राम जी के अंतर्गत ब्लॉक एवं पंचायत स्तर की टीमों के समन्वय तथा परियोजना हाई इंपैक्ट मेगा वाटरशेड तहत सीएसओ इंडियन ग्रामीण सर्विसेस ब्लॉक टीम के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान विकसित भारत जी राम जी अंतर्गत उपलब्ध सुविधाओं, स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यों की जानकारी श्रमिकों एवं ग्रामवासियों को दी गई। रोजगार की मांग, जॉब कार्ड, मजदूरी भुगतान, कार्यस्थल सुविधाएं तथा शिकायत निवारण से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी मानसाय सिदार, पंचायत प्रतिनिधि, रोजगार सहायक, मैट, परियोजना टीम के सदस्य- राधा रमन, रूप नारायण, राकेश एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# THE JAIN INTERNATIONAL SCHOOL

(Affiliated to CBSE, New Delhi, No. 3330064)



## SHAPING MIND, BUILDING FUTURE

Welcome to The Jain International School, Bilaspur (C.G), where every child's educational journey begins with joy and discovery. We are excited to unfold Pathways prospective students to join our nurturing and vibrant community that Paves Path for a joyful and enriching educational journey there by laying the foundation for lifelong success.

## ADMISSIONS OPEN

**NURSERY TO IX & XI, (Session 2026-27)**



### AMENITIES:

- **Academic Excellence:** A consistent legacy of District & State Toppers.
- Dual Curriculum Advantage: **Affiliated with CBSE & Launching Cambridge International Education (IGCSE & ESOL).**
- Integrated Career Coaching: Specialized prep for **IIT-JEE, NEET, CLAT, NID, NATA, NIFT,CUET, LSAT, SLAT, CA, and CS** all under one roof.
- **Future-Ready Skills: DEDICATED AI, ROBOTICS, & CODING LAB.**
- **Mathematics and Digital Language Labs.**
- Advanced Sports Facilities: **Horse Riding, Archery, Taekwondo, Tennis Lawn, Skating, Cricket, Football, Swimming.**
- Excellent Boarding: **Fully Air-Conditioned Classrooms & Separate Boarding Houses for Boys & Girls.**
- Performing Arts Qualifications: **Trinity School of Music (London) & Bhatkhande Music Qualifications.**
- **NCC Air Squadron, Naval Wing, Weapon Training & Shooting Range.**
- **Art and Design Space.** • **Digital Library**
- **French as Foreign Language.**
- Security & Safety: **CCTV Surveillance and in House Medical Infirmary**

**SCHOLARSHIP OPPORTUNITY** — UP TO 100% SCHOLARSHIP

### TJIS ADVANTAGE

- US, UK and Australian College/ University Admission Assistance.
- Smart Classes
- Student Leadership Programme
- Medical Facility
- Central Dinning Hall for Nutritious Diet.
- Inter & Intra – School
- Technology Aided Learning
- Competitions
- Multi Disciplinary Sports & Games Facilities
- Club & Activities
- Domestic and Foreign Tours.
- Hobby Classes
- Teacher Student Ratio 1:30
- Guest Lectures
- 'MUN' (Model United Nations).
- Field Trips
- Inter Disciplinary Academic Rigour/ Approach

### SPECIAL PRIVILEGE TO:

- Armed Forces/Police
  *Army *Navy *Air Force *CRPF *ITBP *BSF *SSB *CISF Personnel
- High Court Employees
- Bank Employees
- Railway Employees
- University/College Employees.

### SPECIAL ADMISSION BENEFITS

- Fee* Relaxation
- Priority Admission Support.
- Scholarship provision for meritorious

Concept & Design @ AdPRAYAS



Mugeli Road, PO Sakri, Bilaspur (CG)

+91 9584461666, 9584461668, 9993589494

Follow us

www.tjisedu.in

www.tjisedu.in/admission
entab.online/tjiscg)

For Admission scan this QR code

## खबर संक्षेप



### करमपुर की टीम ने 3-1 से जीता फुटबॉल प्रतियोगिता

**मानीचौक।** ग्राम जोबगा में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बगदरी एवं करमपुर की टीमों के मध्य खेला गया। रोमांचक मुकाबले में करमपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बगदरी की टीम को 3–1 गोल से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। करमपुर की टीम ने शुरू से ही आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए तीन गोल दागे, जबकि बगदरी की टीम निर्धारित समय में केवल एक गोल ही कर सकी। आयोजक समिति द्वारा विजेता करमपुर टीम को 14 हजार नगद एवं शील्ड तथा उपविजेता बगदरी टीम को 8 हजार नगद एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच हितेंद्र सिंह मरकाम ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि इससे अनुशासन, टीम भावना और भाईचारे की भावना भी विकसित होती है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन खेल भावना सबसे महत्वपूर्ण होती है। इस दौरान उप सरपंच हरिता पैकरा, पटेल कमल प्रसाद, पंच नेत राम पोर्ते, राजेंद्र प्रसाद, रंगिता रजवाड़े, रेफरी नेतुराम, दुलार सिंह, दुर्गा रजवाड़े, समीप रजवाड़े, प्रतीक पैकरा, समीर, विक्रम, प्रवीण, राजेंद्र, उमाशंकर, संतोष, सिंगल पण्डो, सिकन्दर राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### जनचेतना कल्याण मंच ने हिमांशी को किया सम्मानित



**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 15 निवासी सुनील गुप्ता की पुत्री हिमांशी गुप्ता ने यूजीसी नेट परीक्षा में 97 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता हासिल कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे रामानुजगंज क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में जनचेतना कल्याण मंच के अध्यक्ष विकास दुबे द्वारा हिमांशी गुप्ता के निवास पर पहुंचकर उन्हें साल श्रीफल डायरी कलम भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जन चेतना कल्याण मंच के अध्यक्ष विकास दुबे, मनोज तिवारी, दामोदर मिश्रा, उज्जवल तिवारी एवं हिमांशी के माता-पिता सुनील गुप्ता व श्रीमती ज्योति गुप्ता सहित परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने हिमांशी को क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए भविष्य में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### घुनघुट्टा डैम में नाव पलटने से ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** घुनघुट्टा डैम में मछली मारने के दौरान नाव पलटने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम कलगसा निवासी विरूच राम आ. ठुरू राम (54 वर्ष) गुरूवार की सुबह अपने नाव से मछली पकड़ने घुनघुट्टा डैम गया था। डेम से जैसे मछली निकाल रहा था तभी नाव अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे विरूच पानी में डूब गया। इधर दूसरे नाव में मछली पकड़ रहे चचेरा भाई महेश्वर सिंह ने भाई का नाव पलटते व पानी में डूबते देखा तो गांव के ही राम सागर व ब्रह्म देव के साथ तत्काल मौके पर पहुंचा और किसी तरह विरूच को पानी से निकाल अपने नाव में चढ़ाया। भाई के अचेत हो जाने पर उसे तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## नियमित नहीं होती कक्षाओं की सफाई, कचरा के बीच पढ़ते हैं बच्चे


# साफ सफाई के अभाव में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की हालत बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**
- परिसर में जगह जगह फैला रहता है कचरा

छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वामी आत्मानंद इंग्लिश,हिंदी माध्यम स्कूल, जिसे गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की रीढ़ बताया गया था। लेकिन प्रतापपुर विकासखंड के डाड़करवां स्थित स्कूल में खुद अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। स्कूल के क्लासरूम से लेकर शौचालय तक फैली भारी गंदगी, कूड़ा-करकट और बदबू ने न केवल शिक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। स्कूल प्रबंधन की उदासीन रवैया से स्कूल की हालत बदहाल हो गई है। आलम यह है कि स्कूलों में अध्ययनरत बच्चे परिसर सहित कक्षाओं में नियमित सफाई नहीं होने से कक्ष में फैले कचरा के बीच पढ़ाई करने तथा परिसर में खेलने को मजबूर है। इधर परिजन ने स्कूल की सफाई नहीं होने से नाराजगी जताई है।

शिक्षा को बढ़ावा देने प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है जिससे बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके। प्रदेश सरकार द्वारा निजी स्कूल की तरह न सिर्फ व्यवस्था हो बल्कि शिक्षा गुणवत्ता में सुधार आए इसके लिए स्वामी आत्मानंद स्कूल का संचालन किया जा रहा है। विकासखंड प्रतापपुर के डांडकरवां में शासन की उत्कृष्ट विद्यालय स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालित है लेकिन स्कूल प्रबंधन की लापरवाही तथा देख रेख के अभाव में स्कूल परिसर कूड़ा करकट में तब्दील हो गया है। यहां तक की साफ सफाई के अभाव में स्कूल परिसर में जगह जगह कचरा है वही कक्षाओं में भी सफाई के अभाव में कचरा बिखरे हुए है। हैरानी की बात तो यह है कि जो छत्तीसगढ़ सरकार के स्टैंडर्ड स्कूलों में गिनती आती है उसकी हालत बदहाल है। स्कूल में प्रारंभ से ही भृत्य का अभाव है। हालांकि सरकार द्वारा भृत्य अटैच किया है लेकिन वह भी नहीं आता। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि स्कूल में कोई भृत्य है ही नहीं जिससे चपरासी के अभाव में साफ-सफाई नहीं हो पा रही है। नियमित साफ सफाई नहीं होने से स्कूल की हालत दयनीय होती जा रही है। स्थिति यह है कि बच्चे कूड़ा करकट गंदगी के बीच स्कूल में पढ़ाई करने को मजबूर है। स्कूल में 15 दिन या माह भर में एक बार झाड़ू लगाता है जिससे बच्चों के मानसिक स्थिति में भी गिरावट आ रही है। कूड़ा करकट लगातार बढ़ने से बच्चों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ने पर शिक्षकों ने कई बार प्रशासन से भृत्य की मांग की लेकिन आज तक मांग पूरी नही हो सकी जिससे स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां स्कूल में ही उड़ाई जा रही है।



क्लासरूप में एकत्र कचरा

### असामाजिक तत्वों का बना अड्डा

एम ओर स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में भृत्य के नहीं होने से साफ-सफाई की समस्या से जूझ रहा है वहीं दूसरी ओर असामाजिक तत्वों ने और भी समस्या बढ़ा दी है। इतने बड़े स्कूल परिसर का रख रखाव और सफाई अच्छे सके और असामाजिक तत्व परिसर में दाखिल न हो इसे लेकर कोई व्यवस्था नहीं है। स्कूल परिसर खुला होने तथा कोई गार्ड के नहीं होने पर शाम ढ़लते ही परिसर असामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है। जहां नशेड़ी बड़े आराम से नशाखोरी कर परिसर में ही कचरा फैला कर चले जाते है।

### बच्चों को स्कूल भेजने से कतरा रहे परिजन

बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके इसके मद्देनजर प्रतापपुर सहित आसपास के गांव के बड़ी संख्या में परिजन ने अपने बच्चों का स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में दाखिला कराया है। लेकिन स्कूल में साफ-सफाई नहीं होने तथा बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर परिजन चिंतित है। गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है, जिससे अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजने से भी कतरा रहे हैं।

### झाड़ लेते है पल्ला

स्कूल की बदहाली की जानकारी कई बार विकासखंड शिक्षा अधिकारी को दी गई, लेकिन न निरीक्षण हुआ, न चेतावनी, न कार्रवाई। ग्रामीणों का आरोप है कि बीईओ की उदासीनता और वर्षों से एक ही स्थान पर जमे रहने की प्रवृत्ति ने ऐसी स्थिति हो गई है। स्कूल प्राचार्य द्वारा यह कहकर पल्ला झाड़ लेते है कि स्वीपर नहीं है। ऐसे में स्वीपर नहीं होने की सजा बच्चों को भुगतना पड़ रहा है और स्वामी आत्मानंद स्कूल और सामान्य स्कूलों में फर्क ही नहीं रह गया है।

### कराई जाएगी जांच

स्कूल में नियमित साफ सफाई नहीं हो रही है यह गलत है। मामले की गंभीरता को देखते हुए शिक्षा विभाग को पत्र लिख कर मौके की जांच कराई जाएगी।

-ललिता भगत, एसडीएम

## स्वस्थ्य पंचायत सम्मेलन में बड़ी संख्या में शामिल हुए मितानिन



**लखनपुर।** नगर पंचायत लखनपुर के सामुदायिक भवन में विकासखंड स्तरीय मितानिनों द्वारा स्वास्थ्य पंचायत संवाद सम्मेलन का आयोजित किया। सर्व प्रथम मां सरस्वती की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मितानिनों द्वारा ग्रामीण स्तर पर होने वाली समस्याओं एवं महतारी जतन योजना रेडी टू ईट समय पर पेमेंट नहीं मिलने, महतारी वंदन योजना में कई महिलाओं व बुजुर्ग महिलाओं का अंगूठा का निशान मिटने के कारण उनका फिंगर केवाईसी नहीं होने के कारण इसका लाभ कई महीनों से नहीं मिलने के संबंध में चर्चा की। साथ ही कई महिलाओं द्वारा बताया गया कि महतारी वंदन का पैसा अंगूठे का निशान मिटने के कारण इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है न ही केवाईसी हो रही है। महिला बाल विकास के कार्यालय में जाने पर वहां के कर्मचारियों द्वारा बताया जाता है कि यह समस्या राज्य स्तरीय है। राज्य से ही इसका कोई निराकरण निकल सकता है। लगभग 200 प्रकार की समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों और विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर अधिकारियों ने समस्या का जल्द से जल्द निराकरण करने की बात कही। साथ ही जन प्रतिनिधियों द्वारा फिर से मंत्री राजेश अग्रवाल की उपस्थिति में सम्मेलन करने और शिकायत राज्य स्तरीय है जिसका निराकरण कराने की बात कही। मितानिनों के जिला कॉर्डिनेटर द्वारा कहा गया कि अगर समय रहते समस्या का निराकरण नहीं होता है तो उच्च स्तर पर अपनी समस्याओं को रखने और निराकरण कराने की मांग करने की बात कहीं। इस दौरान दिनेश साहू, दिनेश बारी, शशि कला, विक्रम सिंह,कामेश्वर राजवाड़े, राकेश अग्रवाल, चमन सिंह सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन में विविध मुद्दों पर की गई चर्चा

**अम्बिकापुर।** जनपद पंचायत परिसर में स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में क्षेत्र के बढ़ी संख्या में मितानिन शामिल हुई। साथ ही विविध मुद्दों पर चर्चा की गई। मितानिनों ने बताया कि गांव में जो समस्या का समाधान नहीं होता उस समस्या को 1 वर्ष में एक बार सम्मेलन किया जाता है। जिसमे ब्लॉक तक अपने समस्याओं को लेकर आते है और जिस विभाग व जनप्रतिनिधियों को देना है उसके देते है। मितानिन शासन की योजनाओं को घर घर पहुंचाने की कार्य करती है ताकि शासन की योजना का लाभ लोगों को मिल सके। आज मितानिन का आवेदन आया है जिसमें स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी कही जाने वाली मितानिनों को अपने का पैसा दो माह से आधी राशि प्राप्त नहीं हुई है। इसके अलावा अन्य समस्याओं के संबंध में अधिकारियों को अवगत कराए जाएंगे।

## विकासखंड स्तरीय सरगुजा ओलम्पिक खेल में कई पंचायतों के खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा



खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

विकासखंड स्तरीय सरगुजा ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता का समापन हाई स्कूल ग्राउंड में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि विधायक शकुंतला पोर्ते ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने संबोधन में कहा कि सरगुजा ओलम्पिक जैसे आयोजनों से ग्रामीण अंचलों की छिपी खेल प्रतिभाओं को पहचान और आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। खेल युवाओं को नशे व गलत दिशा से दूर रखकर स्वस्थ समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए खिलाड़ियों ने कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल सहित अन्य खेलों में शानदार प्रदर्शन किया। पूरे आयोजन के दौरान खेल भावना, अनुशासन और आपसी भाईचारे की मिसाल देखने को मिली। समापन अवसर पर जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, खेल प्रशिक्षक, आयोजन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सफल आयोजन के लिए खेल विभाग और आयोजन समिति की सराहना की गई। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुखमनिया आयाम, नगर पंचायत अध्यक्ष मानती योगेंद्र सिंह,जनपद पंचायत सीईओ अनिल तिवारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## ज्ञानोत्सव की तैयारियां जोरों पर, 11 को निकलेगी भव्य कलश यात्रा

**रामानुजगंज।** ज्ञानयज्ञ परिवार द्वारा आयोजित ज्ञानोत्सव के शुभारंभ से पूर्व नगर में 11 फरवरी को एक भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस यात्रा का नेतृत्व मातृशक्ति द्वारा किया जाएगा। आयोजकों ने बताया की कलश यात्रा का विधिवत शुभारंभ प्रातः 8.30 बजे राम मंदिर से होगा। समिति द्वारा बताया गया कि वैदिक यज्ञ का आयोजन मां महामाया मंदिर के समीप स्थित गायत्री यज्ञशाला परिसर में किया जाएगा, जबकि भागवत चरित्रामृत कथा के आयोजन हेतु आमंत्रण धर्मशाला परिसर में संपन्न होगा। कलश यात्रा राम मंदिर से प्रारंभ होकर हनुमान मंदिर होते हुए नगर के प्रमुख चौक-चौराहों से गुजरते हुए यात्रा गायत्री यज्ञ परिसर पहुंचेगी। कलश यात्रा के गायत्री यज्ञ परिसर पहुंचने के पश्चात ज्ञानयज्ञ परिवार द्वारा श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि ज्ञानयज्ञ परिवार का मुख्य आयोजन ज्ञानोत्सव 12 फरवरी से प्रारंभ होगा। समिति के अनुसार कार्यक्रम को लेकर आमंत्रण वितरण सहित सभी आवश्यक तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी है तथा समय से पूर्व सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएंगी।



## रासेयो के सात दिवसीय शिविर में विविध कार्यक्रम



**प्रेमनगर।** शासकीय नवीन महाविद्यालय प्रेमनगर द्वारा ग्राम पंचायत केदारपुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर का समापन हुआ। 30 जनवरी से 5 फरवरी तक चले इस शिविर में स्वयंसेवकों ने न केवल सामुदायिक सेवा की, बल्कि ग्रामीण विकास, श्रमदान और सामाजिक जागरूकता का कार्य किया। शिविर का विधिवत उद्घाटन रेखा जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम अधिकारी ने शिविर के प्रथम दिवस में स्वयंसेवकों को विभिन्न दलों में विभाजित कर कार्य सौंपे, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में निःस्वार्थ सेवा, नेतृत्व क्षमता और स्वावलंबन की भावना विकसित करना था। प्रत्येक दिन का उदय योग एवं प्राणायाम के साथ होता था, जहां स्वयंसेवकों ने मानसिक शांति और शारीरिक सुदृढ़ता के गुर सीखे। स्वयंसेवकों ने हाथ में झाड़ू थाम कर स्वच्छता अभियान चलाया और परियोजना कार्यों के माध्यम से गांव की सूरत बदलने का प्रयास किया। जागरूकता रैलियों के जरिए उन्होंने ग्रामीणों के बीच जाकर अत्यंत गंभीर और समसामयिक विषयों पर संवाद किया। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्त भारत, डिजिटल इंडिया सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया। छात्रों के उत्साह को देखकर ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। शिविर के अंतिम दिवस महाविद्यालय स्टाफ और ग्राम पंचायत केदारपुर के मुख्य अतिथियों द्वारा स्वयंसेवकों को प्रमाण-पत्र वितरित किए।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
आई.एस.एस. हॉस्पिटल रायपुर के मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. भुवन शर्मा
MD,DM ( Neurology )
• लकवा पैरालिसिस,मिर्गी एवं सिर दर्द का इलाज
• मांसपेशियों का खिचाव,
• नसों की चोट,दर्द एवं नसों का चिपकना
• जन्म से ब्रेन एवं रीढ़ की हड्डी में दोष
रायपुर के पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ
डॉ. संजय कुमार अग्रवाल
MBBS,MD Medicine ( Delhi )
DM ( Gastro ) BHU Varanashi
• गैस, उल्टी की समस्या, भूख न लगना, पेट दर्द
• पीलिया, पीत्त की समस्या,टीबी रोग फंस इंफेक्शन
• पेट एवं आंत के स्पेशियलिस्ट, पित्ताशय एवं पित्तनली की पथरी
• खून की उल्टी एवं पेट में पानी भरना,सभी प्रकार के पैनक्रियाज
सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. विनय कुमार ए.वी.
MBBS,MD (General Medicine)
DM (Nephroligy)
• शरीर में सूजन, खून की कमी,थकावट
• बार-बार उल्टी होना, सांस का फूलना,पेशाब में तकलीफ जैसे
• रक्त का आना,रुक-रुक कर पेशाब होना,पेशाब में जलन होना
• क्रोनिक किडनी डिजीज,किडनी ट्रांसप्लांट,स्टोन का ईलाज
BLOOD BANK CENTER
1.5 Tesla MRI Scanner
Accurate, Safe, Versatile Imaging
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल-||
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
ब्रेन एवं स्पाइन सर्जन,एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन विशेषज्ञ
डॉ. महावीर सिंह जौहरी
MBBS,MS,DNB ( Hyderabad )
FEN ( Jabalpur ), CNETS AIIMS ( Delhi )
• डिस्क संबंध समस्या
• मांसपेशियों में कमजोरी या ऐंठन
• शरीर में झनझनाहट होना
• ब्रेन ट्यूमर, नींद की कमी
• मस्तिष्क संबंधी समस्या
• स्पाइन की समस्या
• पैर सुन्न होना,हाथ पैर तालु या पैर में दर्द
08 फरवरी 2026 माह के दूसरे रविवार को
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774222555,9425583780,9826183780,
8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

सरगुजा मार्केट

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, MD. (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खॉसी, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर, इस्नोफिलिया,PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक - 08 फरवरी, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल , रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 22 फरवरी 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइराइड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 08 फरवरी 2026, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
सम्पर्क करें - 7587722255

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 23 फरवरी 2026, सोमवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समय:- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
मो. 9753266386

पुष्पेन्द्र कॉलेज ऑफ नर्सिंग
अम्बिकापुर (छ.ग.)
संचालन - बहुउद्देशीय स्वास्थ्य शिक्षण समिति ग्राम लालमाटी
तह.लुण्ड्रा जिला - सरगुजा छ.ग.
Email D-diwakarshukla07@gmail.com PIN CODE - 497111
Mo.- 7987350594, 9589713483, 8770544658
नर्सिंग शैक्षणिक संकाय भर्ती

| क्र. | पद | शैक्षणिक योग्यता | अनुभव | कुल पद |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्राचार्य | B.Sc & M.Sc Nursing | 15 वर्ष | 01 |
| 2. | उप-प्राचार्य | B.Sc & M.Sc Nursing | 12 वर्ष | 01 |
| 3. | प्राध्यापक | B.Sc & M.Sc Nursing | 10 वर्ष | 01 |
| 4. | सह-प्राध्यापक | B.Sc & M.Sc Nursing | 8 वर्ष | 02 |
| 5. | सहायक प्राध्यापक | B.Sc & M.Sc Nursing | 3 वर्ष | 03 |

गैर शैक्षणिक संकाय भर्ती

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रशासनिक अधिकारी | MBA | 5 वर्ष | 02 |
| 2. | लाइब्रेरियन | MSW, MBA, MCA | 2 वर्ष | 03 |
| 3. | कैशियर (Only Female) | PGDCA, DCA, TALLY, JAVA | | 01 |

योग्य उम्मीदवार अपना बायोडाटा ई-मेल में भेज सकते हैं

TOP IN SURGUJA
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL creating healthy tomorrow
CGHS से मान्यता प्राप्त
ऑपरेशन थियेटर सोनोग्राफी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएं: ब्रान्कोस्कोपी, दमा, खाँसी, टी.बी, निमोनिया, एलर्जी
डॉ.कमल नारायण गुप्ता
MBBS (Pune), DTCD (Kolkata)
CHEST PHYSICIAN (GOLD MEDALIST)
श्वास, छाती एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### पीएम श्री सेजेस विद्यालय में शनिवार को मनाया गया बैगलेस डे



बिश्रामपुर। पीएमश्री सेजेस जयनगर में आज शनिवार को बैगलेस डे के अवसर पर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न रचनात्मक एवं गतिविधि-आधारित कार्यक्रम आयोजित किए गए,बैगलेस डे अंतर्गत विद्यार्थियों ने खेलकूद, कला एवं हस्तकला, समूह गतिविधियां, शैक्षणिक खेल, गीत-कविता तथा अन्य आनंददायक गतिविधियों में हिस्सा लिया गया,इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को बिना पुस्तकों के तनाव के सीखने को आनंदमय और रोचक बनाना था।

### फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच देखने गए युवक की बाइक चोरी

**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कंदरई में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच बुधवार को खेला गया,इस दौरान फाइनल मैच देखने गए हर्राटिकरा के माझापारा निवासी युवक तुलेश्वर पिता रामचंद्र की हीरो पैशन प्रो बाइक क्रमांक सीजी 15 डीए 4468 को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया,पुलिस में दर्ज कराए शिकायत में तुलेश्वर ने बताया कि वह फुटबॉल का फाइनल मैच देखने कंदरई गया था और वह कंदरई पंचायत भवन के सामने अपनी बाइक को खड़ी कर फुटबॉल देख रहा था,मैच खत्म होने के बाद वह बाइक लेने वापस पहुंचा तो पाया कि उसकी बाइक मौके पर नहीं है,आस पास पता करने के बाद भी बाइक नहीं मिलने पर अज्ञात के खिलाफ बाइक चोरी करने की रिपोर्ट प्रार्थी युवक ने जयनगर थाना में दर्ज कराई है,पुलिस मामले की जाँच कर रही है।

### कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने किया रासेयो शिविर का प्रतिनिधित्व



सूरजपुर। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्रा उपासना गोयन और बिमला पैकरा ने छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय विशेष सात दिवसीय आवासीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर, बलौदाबाजार भाटापारा में संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।
इस शिविर में छत्तीसगढ़ के सभी विश्वविद्यालय से स्वयं सेवकों ने भाग लिया, जिसमे समाज सेवा तथा शिविरार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस शिविर में आयोजित रुमाल झपट्टा प्रतियोगिता में द्वितीय एवं तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले एवं विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य बृजलाल साहू तथा एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी पूजांजली भगत द्वारा विद्यार्थियों को इस उपलब्धि उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सेंट जेवियर्स विद्यालय में 12वीं के बच्चों को दी गई विदाई



राजपुर। नगर के स्थानीय सेंट जेवियर्स स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने प्रेरणादायक सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपने सीनियर्स को सम्मानित किया और आगामी सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता की शुभकामनाएं दीं।

## मैदानी एवं पठारी क्षेत्रों का पारा पहुंचा 6 डिग्री

# सरगुजा में फिर शीतलहर का प्रकोप

हरिभूमि न्यूज.अम्बिकापुर

उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद एक बार फिर से पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं ने कंपकपी बढ़ा दी है तथा सरगुजा शीतलहर के प्रकोप से जूझ रहा है। आसमान साफ होने के कारण सर्द हवाओं का प्रवाह आगे भी जारी रहने एवं 10 फरवरी के बाद तापमान में वृद्धि होने की संभावना है।

अब शीत ऋतु समाप्त हो चुकी है तथा ग्रीष्म ऋतु ने दस्तक दे दी है लेकिन सरगुजा में अभी भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

- विक्षोभ की सक्रियता के बावजूद आसमान रहेगा साफ

उत्तर भारत में लगातार पछुआ विक्षोभ सक्रिय होने के कारण एक पखवाड़े से मौसम में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी है। जनवरी के अंतिम दिनों में आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने से ठंड से राहत मिल गई थी। फरवरी के शुरूआत में भी तापमान 10 डिग्री के ऊपर पहुंच गया था उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद आसमान पूरी तरह से साफ हो गया है तथा पिछले दिन से चल रही पश्चिमोत्तर की ठंडी हवाओं के प्रभाव से तापमान में लगातार गिरावट हो रही है। पश्चिमोत्तर की शीतलहर के प्रभाव से शनिवार को न्यूनतम तापमान गिरकर 6.3 डिग्री पर पहुंच गया है जो सामान्य से 4.9 डिग्री कम है। आसमान साफ रहने के कारण सर्द हवाओं का प्रवाह आगे भी जारी रहने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार पश्चिमोत्तर की हवाएं पिछले दिनों विक्षोभ के प्रभाव से मध्यप्रदेश सहित आसपास के राज्यों में हुई ओलावृष्टि एवं बर्फबारी की ठंडक लेकर पहुंच रही है जिससे अधिक ठंड महसूस हो रही है। फिलहाल उत्तर भारत में कोई मौसमी सिस्टम सक्रिय नहीं है इसलिए आगामी तीन-चार दिनों तक मौसम में कोई खास बदलाव आने की संभावना नहीं है।

उत्तर भारत में बीती रात एक पछुआ विक्षोभ सक्रिय हुआ है लेकिन कमजोर होने के कारण उसके जम्मू-कश्मीर तक ही सीमित रहने की संभावना है। एक नए पछुआ विक्षोभ के 9 फरवरी को सक्रिय होने की संभावना है। ऐसे में 10 फरवरी के बाद ही तापमान में वृद्धि होने एवं ठंड से राहत मिलने की संभावना है। दिन एवं रात के तापमान में 20 डिग्री का अंतर होने के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है तथा अधिकांश व्यक्ति सर्दी-खांसी, बुखार एवं बदन दर्द की समस्या से प्रभावित है।

### तीन दिनों तक नहीं राहत की संभावना



### नवम्बर से पड़ रही है कड़ाके की ठंड


इस बार नवम्बर के महीने से ही सरगुजा में कड़ाके की ठंड पड रही है। बीच-बीच में पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से एक-दो दिनों तक तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है जबकि शेष दिनों में तापमान सामान्य से नीचे रहा है। दिसम्बर एवं जनवरी में अधिकांश दिन तापमान 10 डिग्री के नीचे एवं कई बार शीतलहर के प्रभाव से 5 डिग्री के नीचे रहकर कई रिकॉर्ड भी बना चुका है। इस बार नवम्बर में 38 सालों बाद तापमान में रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की गई तथा 38 सालों बाद प्रथम सप्ताह में शीतलहर का सामना करना पड़ा। इस बार दिसम्बर में 1996 के बाद रिकॉर्ड ठंड पड़ी तथा पहले पखवाड़े में लगातार 11 दिनों तक शीतलहर चलती रही। इस दौरान दिसम्बर का औसत तापमान 5.7 डिग्री से निचले स्तर पर पहुंच गया था। दिसम्बर के प्रथम सप्ताह में पारा सामान्य से नीचे 4.9 डिग्री पर पहुंच गया था तथा अंतिम समय में सामान्य के निकट पहुंचा था। जनवरी महीने का सामान्य औसत तापमान 8.9 डिग्री है लेकिन पूरे महीने औसत तापमान 7 डिग्री बना रहा। जनवरी का तापमान पूरे महीने सामान्य से 2 डिग्री कम रिकार्ड किया गया।

### भारत में सबसे ठंडा अम्बिकापुर

तापमान में आए तेज गिरावट के कारण राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ अंतर्गत अम्बिकापुर एवं राजस्थान अंतर्गत सीकर में सर्वाधिक कम 6.3 डिग्री न्यूनतम पारा रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विभाग ने अपने नेशनल बुलेटिन में इन दोनों स्थानों का जिक्र किया है। शीतलहर के कारण मैदानी एवं पहाड़ी इलाकों के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। राजमोहिनी देवी कन्या महाविद्यालय द्वारा मैदानी इलाकों का तापमान 6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है।

# 11 केवी लाइन बर्स्ट होने से शिवनन्दनपुर में 21 घंटे विद्युत सप्लाई रही ठप

- पानी समेत रोजमर्रा की चीजों के लिए परेशान दिखे लोग, आम जनजीवन पूरी तरह दिखा प्रभावित
- शुक्रवार की शाम करीब 8 बजे विद्युत सप्लाई कटने के बाद अगले दिन सवा पांच बजे सप्लाई बहाल हो पाई



**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत शिवनंदनपुर के वार्ड क्रमांक 2 स्थित फौजी गली समेत अन्य मोहल्लों में शुक्रवार की रात से बाधित हुई विद्युत सप्लाई की अगले दिन शनिवार के शाम सवा पांच बजे बहाली हो पाई,जिससे 21 घंटे तक लोग बिना बिजली के परेशान हो गये, शुक्रवार की रात को पूरी तरह से ब्लैक आउट की स्थिति बनने के बाद अगले दिन भी विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पाने से आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया, वार्डवासी पानी समेत अन्य रोजमर्रा के कामों के लिए भटकते नजर आये,दरअसल विद्युत वितरण केंद्र बिश्रामपुर अंतर्गत आने वाले इस वार्ड में रात करीब 8 बजे अचानक 11 केवी लाइन का केबल बीच से बर्स्ट हो गया।

बर्स्ट होने का मुख्य कारण मेन लाइन तार का ठीक से इनस्टॉल नहीं होना बताया गया है, पोल के ऊपर हुक में बाँधने के बजाय मेन लाइन केबल को ऊपर हूक में फंसा कर छोड़ दिया गया था जिससे लोड पड़ने व गरम होने पर मेन लाइन केबल बर्स्ट हो गया, ऐसे में फ़ौजी गली समेत अन्य मोहल्लों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप्प हो गई,बिजली गुल होने से घरों में लगे पंखे, पानी मोटर, गिजर, टीवी और अन्य आवश्यक उपकरण बंद हो गए।बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। बिजली बाधित रहने से विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हुई, वहीं दुकानदारों और घरेलू व्यवसाय से जुड़े लोगों का काम भी ठप्प पड़ गया। सूचना मिलने पश्चात विद्युत वितरण केंद्र बिश्रामपुर की टीम मौके पर रात को पहुंची लेकिन जरुरी उपकरण के अभाव में सुधार करने टीम फॉल्ट ढूंढने पश्चात वापस लौट गई, इसके बाद अगले दिन शनिवार को पुनः सुधार कार्य 11 बजे से शुरू कराया गया,लेकिन ठेकेदार के माध्यम से चल रहे रिपेयर कार्य में जरुरी उपकरण मिलने में देरी हो गई जिसमें शाम सवा 5 बजे तक सुधार कार्य चला, जिसके बाद विद्युत सप्लाई बहाल हो पाई।

**दो साल में चार बार से अधिक मेन लाइन में आ चुकी है समस्या,अब तक स्थाई समाधान नहीं:_** बताया गया कि पिछले दो वर्षों में वार्ड नंबर 2 स्थित फ़ौजी गली समेत अन्य मोहल्लों पर से गुजरने वाली 11केवी मेन लाइन में चार से पांच बार शॉट एवं बर्स्ट होने की घटनाएं हो चुकी हैं, हर बार सुधार कार्य करने में कई घंटों का वक्त लग गया, ऐसे में हमेशा ब्लैक आउट की स्थिति बन जाती है,जानकारों के मुताबिक कवर्ड 11 के वी मेन लाइन केबल की उच्च क्वालिटी व क्षमता की स्थापना नहीं हो पाने से यहां पर समस्या बार बार उत्पन्न हो रही है।

## किसान के घर से साढ़े तीन लाख की चोरी

**बिश्रामपुर।** करंजी चौकी अंतर्गत ग्राम सोहागपुर में अज्ञात चोरों ने एक किसान के घर से नगदी रकम सहित कई लाख रुपये के जेवरात चोरी कर ले गये,पीड़ित की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 334(4),305 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



पुलिस को दी गई रिपोर्ट में ग्राम सोहागपुर निवासी किसान नरेश कुमार रैकवार पिता गिरधारी लाल 45 वर्ष ने बताया कि वह अपने माता-पिता के साथ रहता है,घर के पिछले हिस्से में उसके माता-पिता रहते हैं,जबकि सामने के हिस्से में वह स्वयं रहता है,गुरुवार 5 फरवरी को दोपहर करीब 2 बजे वह अपने निजी कार्य से बिश्रामपुर गया हुआ था और घर का दरवाजा बंद कर गया था,रात करीब 8 बजे जब वह वापस लौटा तो घर का दरवाजा खुला हूआ मिला,अंदर जाकर देखने पर पलंग के नीचे रखी पेटी गायब थी,उक्त पेटी में डेढ़ तोला सोने की चैन,एक जोड़ी चांदी की पायल,चार नग चांदी की बिछिया,तीन नग चांदी के सिक्के, 40 हजार रुपये नगद,बैंक के फिक्स्ड डिपॉजिट के कागजात एवं चेकबुक रखी हुई थी,जो पेटी सहित चोरी हो गई। परिजनों से पूछताछ के बाद भी कोई जानकारी नहीं मिलने पर पीड़ित ने करंजी पुलिस चौकी पहुंचकर घटना की सूचना दी,सूचना पर करंजी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### संत कबीर जयंती पर किया गया कार्यक्रम

राजपुर। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा संत कबीर दास की जयंती के अवसर पर ग्राम नवकी के खाड़पारा मोहल्ले में भव्य कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिनेश सोनवानी शामिल हुए। इस अवसर पर किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुन्नालाल चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिनका फूल-मालाओं एवं गाजा-बाजा के साथ जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने संत कबीर दास के विचारों पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन बीरेंद्र रवि ने किया।इस दौरान मंडल अध्यक्ष जगवंशी यादव, श्रवण कुमार भारती, लालबहादुर भास्कर, श्यामलाल रवि, भीमसेन सिंह सहित अन्य मौजूद थे।



### घरों में सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित करने किया गया प्रेरित

**सीतापुर।** छतीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्व होने पर छतीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा वितरण केंद्र सीतापुर के चलता एवं वितरण केंद्र पेटला में रजत महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। वितरण केंद्र पेटला में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य शिवभरोष बेक ने कहा कि यह योजना आम लोगों के लिए काफी लाभदायक है। इसका उपयोग करते हुए लोग अपनी जरूरतों के अनुसार बिजली प्राप्त कर सकेंगे। वितरण केंद्र सीतापुर के ग्राम चलता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि श्रवण दास ने इस योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित यह योजना बिजली पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से लागू किया गया है। इस योजना का लाभ आम जनता ज्यादा से ज्यादा उठा सकें इसके लिए इसमे छूट का प्रावधान भी रखा गया है। कार्यक्रम का संचालन सहायक अभियंता संजय पटेल एवं कनिष्ठ अभियंता गणेश जायसवाल ने किया। इस दौरान घरेलू गैर घरेलू एकल बत्ती कनेक्शनधारी विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली की बचत एवं समय पर भुगतान करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत बनेया सरपंच अजय सिंह, आरा सरपंच अजित तिग्गा, मंडल अध्यक्ष त्रिलोचन सदावर्ती, निर्मल गुप्ता, कनिष्ठ अभियंता राजापुर पीआर राजवाड़े समेत विद्युत विभाग के कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



## खरीदी का समय बढ़ने से छोटे किसान समितियों में बेच पाए धान

**राजपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा धान खरीदी के लिए दो दिनों का समय बढ़ाने को लेकर किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुन्नालाल चौधरी ने मुख्यमंत्री सहित किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष को आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है। पत्रकार वार्ता के दौरान किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुन्नालाल चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा गरीब व छोटे किसान जिनका टोकन कटने के बाद जो धान नही बेच पाए थे उनको ध्यान में रखकर धान खरीदी हेतु 5 एवं 6 फरवरी दो दिन के लिए समिति में धान खरीदी के लिए समय बढ़ाया गया। धान खरीदी की तिथि बढ़ने से छत्तीसगढ़ के जो छोटे किसान थे वे अपना धान समिति में बेच पाए हैं। किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुन्नालाल चौधरी ने किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य भाजपा पदाधिकारियों व विधायकों के निवेदन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा प्रदेश के छोटे किसानों के हित को देखते हुए धान खरीदी में दो दिनों का समय बढ़ाने पर सभी का आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।






हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736







